# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 13 अगस्त 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान हाईकोर्ट के कितने जजों को विभिन्न जिलों और न्याय क्षेत्रों की गार्जियनशिप (अभिभावकत्व) की जिम्मेदारी दी गई है?**

(A) 36

(B) 25

(C) 42

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान हाईकोर्ट के सभी 42 जजों को विभिन्न जिलों और न्याय क्षेत्रों की गार्जियनशिप (अभिभावकत्व) की जिम्मेदारी दी गई है।
- चीफ जस्टिस केआर. श्रीराम के आदेश के अनुसार- सभी न्यायाधीश संबंधित जिले में न्यायिक अधिकारियों की कार्यशैली और ईमानदारी के मापदंडों पर अपने क्षेत्र की समीक्षा करेंगे। समय-समय पर मुख्य न्यायाधीश को जानकारी देंगे।
- इसके लिए जज अपने क्षेत्र के दौरे की पूर्व सूचना भी मुख्य न्यायाधीश को देंगे। ताकि कोर्ट के मुख्य कार्यों पर कम से कम प्रभाव पड़े।
- 5 अगस्त को जारी यह नया आदेश तत्काल लागू हो गया है।

01. हाल ही में राजस्थान में कामां महोत्सव का आयोजन कब किया जाएगा?

(A) 19 से 21 अगस्त 2025

(B) 16 से 17 अगस्त 2025

(C) 15 से 18 अगस्त 2025

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में कामां महोत्सव (भरतपुर) का आयोजन – 16 से 17 अगस्त 2025 तक किया जाएगा
- कामां महोत्सव (भरतपुर) एक वार्षिक उत्सव है जो भगवान कृष्ण के जन्मदिन, जन्माष्टमी के अवसर पर कामां, भरतपुर में मनाया जाता है।
- यह उत्सव दो दिनों तक चलता है और इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, रासलीला, और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना शामिल होती है
- कामां महोत्सव, पर्यटन विभाग और भरतपुर जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

02. राजस्थान में पहली बार रैप्टर प्रजातियों पर GPS आधारित टेलीमेट्री अध्ययन कहां शुरू किया गया है?

(A) डेजर्ट नेशनल पार्क

(B) केवलादेव पक्षी अभयारण्य

(C) सीतामाता वन्य जीव अभयारण्य

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान में पहली बार, जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क में रैप्टर प्रजातियों पर GPS आधारित टेलीमेट्री अध्ययन शुरू किया गया है।
- इस अध्ययन में, गिद्धों और अन्य शिकारी पक्षियों की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए GPS ट्रांसमीटरों का उपयोग किया जा रहा है।
- यह अध्ययन, "रेप्टर इकोलॉजी इन द थार डेजर्ट" नामक एक परियोजना का हिस्सा है
- डेजर्ट नेशनल पार्क रैप्टर पक्षियों के लिए देश का अहम क्षेत्र है। इस अध्ययन से पक्षियों की आवाजाही, निवास स्थान, प्रजनन व्यवहार और खतरों की जानकारी मिलेगी।
- इस प्रोजेक्ट के लिए 6 प्रमुख प्रजातियों को चुना गया है। इनमें रेड हैडेड वल्चर, व्हाइट रम्प्ड वल्चर, इजिप्शियन वल्चर, इंडियन वल्चर, टॉनी ईगल और लैगर फाल्कन शामिल हैं।

03. हाल ही में मंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ट्रैवल ट्रेड फेयर मुंबई 2025 का शुभारंभ किसके द्वारा किया गया है?

(A) दीया कुमारी

(B) भजनलाल शर्मा

(C) देवेंद्र फडणवीस

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ट्रैवल ट्रेड फेयर मुंबई 2025 का शुभारंभ राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया।

⭕ TTF (ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर) मुंबई 2025 आयोजन- 11 से 13 अगस्त 2025

⭕ कार्यक्रम में राज्य के पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव और पर्यटन उद्योग के प्रमुख गणमान्यों ने भाग लिया

04. केरल में आयोजित नेशनल मास्टर्स क्लासिक एवं इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बाड़मेर की अनीता राठी ने कितने पदक जीते हैं?

(a) 4 पदक

(b) 3 पदक

(c) 2 पदक

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ केरल राज्य पावरलिफ्टिंग संघ एवं पावरलिफ्टिंग इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में कोझिकोड, कालीकट में नेशनल मास्टर्स क्लासिक एवं इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

♦ राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बाड़मेर की अनीता राठी ने 63 किलो मास्टर वन भार वर्ग में भाग लेते हुए के शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत एक स्वर्ण पदक सहित कुल 4 पदक जीते है।

♦ चैंपियनशिप में देशभर के 26 राज्यों के कुल 550 से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

05. राजस्थान में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन कहां किया जाएगा?

(a) जोधपुर

(b) जयपुर

(c) भरतपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जोधपुर में किया जाएगा।

⭕ 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

⭕ 14 अगस्त को मेहरानगढ़ किले में 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें आकर्षक ड्रोन शो भी शामिल होगा

**06. राजस्थान में निक्षय पोषण किट वितरण अभियान 2025 का आयोजन कब किया जा रहा है?**

(A) 27-31 जुलाई 2025

(B) 22-28 जुलाई 2025

(C) 21-30 जुलाई 2025

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान में निक्षय पोषण किट वितरण अभियान का आयोजन – 27 जुलाई से 31 जुलाई 2025

♦ संचालन – चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान

♦ इस अभियान के तहत TB रोगियों को जन सहयोग पौष्टिक आहार युक्त पोषण किट वितरित किए जाएंगे।

♦ निक्षय मित्र पोर्टल :- टीबी रोगियों के ऑनलाइन पंजीयन हेतु संचालित पोर्टल।

07. राजस्थान की पहली ट्विन सिटी जोधपुर पाली मारवाड़ निवेश क्षेत्र की कुल लागत कितने करोड रुपए है?

(A) 4500 करोड रुपए

(B) 7500 करोड रुपए

(C) 9500 करोड रुपए

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम (NICDP) के तहत जोधपुर- पाली मारवाड़ निवेश क्षेत्र राजस्थान की पहली ट्विन सिटी के रूप में विकसित की जाएगी।
- यह प्रोजेक्ट दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत लॉन्च किया गया।
- जोधपुर पाली मारवाड़ निवेश क्षेत्र की कुल लागत 7500 करोड रुपए होगी।
- रीको इसके पहले फेज के निर्माण के लिए 465 करोड रुपए जारी किए। इसके लिए जोधपुर के कोंकणी तथा पाली के रोहट में जमीन रिजर्व की गई।

**08. राजस्थान में किसकी अध्यक्षता में 7वाँ राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया है?**

(a) नरेश कुमार ठकराल

(b) आर के सिंह

(c) अरुण चतुर्वेदी

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- अरुण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में राजस्थान का 7वाँ वित्त आयोग का गठन किया गया है
- सचिव सदस्य – श्री नरेश कुमार ठकराल (से.नि. आईएएस)
- कार्यकाल – आयोग के अध्यक्ष और सदस्य सचिव इस अधिसूचना की तारीख (1 अगस्त ) से 1.5 वर्ष की कालावधि के लिए पद धारण करेंगे।
- आयोग सभी स्तरों पर पंचायतों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा और निम्नलिखित विषयों के संबंध में सिफारिश करेगा।
- छठे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह

09. हाल ही में भारत का पहला पशु स्टेम सेल बायोबैंक कहां खोला गया है?

(A) राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद

(B) राष्ट्रीय पशु चिकित्सा केन्द्र, जयपुर

(C) राष्ट्रीय पशु चिकित्सा संस्थान, कानपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारत का पहला पशु स्टेम सेल बायोबैंक और प्रयोगशाला राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (NIAB), हैदराबाद में ₹1.85 करोड़ की लागत से खोला गया।
- मुख्य विषय: पशुधन के लिए पुनर्योजी चिकित्सा और कोशिकीय उपचार।
- सुसज्जित: स्टेम सेल कल्चर यूनिट, 3D बायोप्रिंटर, बैक्टीरियल कल्चर लैब, क्रायोस्टोरेज, आटोक्लेव रूम, उन्नत एयर हैंडलिंग, पावर बैकअप।
- DBT-BIRAC के राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन (NBM) द्वारा समर्थित।

**10. अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस प्रति वर्ष कब मनाया जाता है?**

(A) 12 अगस्त

(B) 09 अगस्त

(C) 10 अगस्त

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस प्रति वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है।
- इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1999 में की गई थी।
इसे पहली बार वर्ष 2000 में मनाया गया।
- इसका उद्देश्य वैश्विक मुद्दों पर युवाओं की आवाज़ को पहचानना और उन्हें सशक्त बनाना है।
- 2025 का विषय: सतत विकास लक्ष्यों और उससे आगे के लिए स्थानीय युवा कार्य।

Today, Quiz:

Q. राजस्थान में 11 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना राष्ट्र स्तरीय डीबीटी कार्यक्रम का आयोजन कहां किया गया?

(A) जयपुर
(B) झुंझुनूं
(C) जोधपुर
(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine